Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 23 जनवरी, 2023

## यूथ20 ग्रुप की पहली बैठक

**भारत पहली बार यूथ20(Y20) शिखर सम्मेलन की मेज़बानी** जी20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर कर रहा है। इस **सम्मलेन का आयोजन गुवाहाटी में** किया जाएगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में विश्व भर के 250 से अधिक प्रतिनिधियों के सम्मिलित होने की उम्मीद है।**यह फ्यूचर ऑफ वर्क के पाँच विषयों- जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम में कमी, शांति स्थापना एवं सुलह, लोकतंत्र व स्वास्थ्य, भलाई तथा खेल में युवा पर केंद्रित होगा।** यूथ20, जी20 के तहत आठ आधिकारिक कार्यक्रमों के समूह में से एक है। इसका **उद्देश्य युवाओं की सोच का पता लगाकर नीतिगत प्रस्तावों में उनके सुझावों को आमंत्रित करना है।** यूथ20 बैठक के लिये एक सहभागी और समावेशी विचार-विमर्श प्रक्रिया हेतु 19 जनवरी से लेकर स्थापना बैठक तक **असम के 34 ज़िलों के 50 से अधिक विश्वविद्यालय/कॉलेज** परिसरों में **सेमिनार, कार्यशाला, वाद-विवाद एवं पैनल चर्चा का आयोजन** किया जाएगा। इन आयोजनों में **कॉलेजों/विश्वविद्यालयों के 12,000 से अधिक छात्र** सम्मिलित होंगे। प्रत्येक उच्च शिक्षा संस्थान जी-20 समूह और उसके कामकाज़ के बारे में स्कूलों को संवेदनशील बनाने हेतु अपने आसपास के 10 स्कूलों में जागरूकता अभियान भी आयोजित करेगा।

## क्रिस हिपकिंस

**न्यूज़ीलैंड के वर्तमान पुलिस, शिक्षा और सार्वजनिक सेवा मंत्री क्रिस हिपकिंस** (Chris Hipkins) **अगले प्रधानमंत्री के रूप में जैसिंडा अर्डर्न** (Jacinda Ardern) **के स्थान पर पदभार ग्रहण करेंगे।** स्थानीय मीडिया के अनुसार, प्रधानमंत्री पद हेतु चुनाव में एकमात्र नेता क्रिस हिपकिंस का चुनाव **सबसे पहले लेबर पार्टी के नेता** के रूप में किया जाएगा और **प्रतिनिधि सभा में पार्टी द्वारा औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री घोषित किया जाएगा। 7 फरवरी को वर्तमान प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न अपना इस्तीफा देने वाली हैं** और उसी दिन **गवर्नर जनरल किंग चार्ल्स III की ओर से क्रिस हिपकिंस को प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया जाएगा।** 44 वर्षीय **क्रिस हिपकिंस पहली बार वर्ष 2008 में सांसद चुने गए थे।** क्रिस हिपकिंस का नाम उस वक्त काफी चर्चा में रहा **जब उन्हें कोरोना काल के दौरान नवंबर 2020 में कोविड-19 से निपटने हेतु बतौर विशेष मंत्री नियुक्त किया गया था।** उन्होंने कोरोना काल के दौरान न्यूज़ीलैंड में लॉकडाउन लगाकर कोरोना को फैलने से रोकने में मदद की।**देश में कोरोना का पहला केस मिलते ही हिपकिंस ने लॉकडाउन की घोषणा कर दी थी,** इसके अतिरिक्त देश में बढ़ते अपराध को देखते हुए उन्हें पुलिस मंत्री के तौर पर भी नियुक्त किया गया था।

## बल्लवपुर वन्यजीव अभयारण्य:

हाल ही में बल्लवपुर वन्यजीव अभयारण्य में आने वाले प्रवासी पक्षियों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है जो एक चिंता का विषय है। बल्लवपुर वन्यजीव अभयारण्य वर्ष 1977 में स्थापित किया गया था। यह पश्चिम बंगाल में बीरभूम ज़िले के बोलपुर उपखंड में बोलपुर शांतिनिकेतन के पास स्थित है। इसे डियर पार्क के नाम से भी जाना जाता है। अभयारण्य में साल, आकाशमोनी, शिशु, काजू, अमलकी, बहेड़ा और हरीतकी की सघन स्थानीय वनस्पतियाँ पाई जाती हैं। अभयारण्य एक हरिण संरक्षण पार्क है जिसमें चीतल (चित्तीदार हरिण) और ब्लैकबक्स सहित बड़ी संख्या में हरिण पाए जाते हैं। अन्य जानवरों में गीदड़, लोमड़ी और विभिन्न प्रकार के जल पक्षी शामिल हैं।

यहाँ तीन बड़ी झीले हैं जहाँ प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी आते हैं।

## 'एडिशनल टियर-1' बॉण्ड

**बॉम्बे उच्च न्यायालय** ने हाल ही में निवेशकों को राहत देते हुए **यस बैंक लिमिटेड** द्वारा जारी किये गए **8,400 करोड़ रुपए के अतिरिक्त टियर-1 (AT1) बॉण्ड के राइट-ऑफ को रद्द कर दिया है।** SEBI की एक जाँच के अनुसार, यस बैंक ने निजी निवेशकों को इन बॉण्ड की खरीद से जुड़े जोखिमों के बारे में पूरी तरह से खुलासा किये बिना संस्थागत निवेशकों से **निजी निवेशकों को AT1 बॉण्ड की बिक्री की अनुमति दे दी थी।** AT1 बॉण्ड **असुरक्षित बॉण्ड होते हैं जो निरंतर चलते रहते हैं; इसकी कोई परिपक्वता तिथि नहीं होती। ये बॉण्ड आमतौर पर बैंकों द्वारा अपने कोर या टियर-1 पूंजी को मज़बूत करने के लिये उपयोग में लाए जाते हैं।** AT1 बॉण्ड अन्य किसी प्रकार के ऋण बॉण्ड से नीचे के स्तर के होते है और सामान्य इक्विटी से उपर स्तर के होते हैं।

**और पढ़ें...**'एडिशनल टियर-1' बॉण्ड

## लेपर्ड- 2 टैंक (Leopard- 2 Tank)

यूक्रेन को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति के संबंध में नाटो सहयोगियों के बीच चल रही बातचीत के बीच जर्मनी अपने **लेपर्ड- 2 टैंकों** को यूक्रेन भेजने की अनुमति देने के बारे में संशय में है **लेपर्ड- 2 विश्व के अग्रणी युद्धक टैंकों में से एक** है, जिसका उपयोग दशकों से जर्मन सेना और कनाडा, इंडोनेशिया तथा

कई अन्य यूरोपीय देशों की सेनाओं द्वारा किया जाता है। इसने **अफगानिस्तान, कोसोवो एवं सीरिया के संघर्षों में सेवा प्रदान की है।** जर्मनी का मानना है कि उसकी अनुमति के बिना जर्मन निर्मित टैंकों का फिर से निर्यात करना अवैध होगा। **डीज़ल इंजन द्वारा संचालित लेपर्ड- 2** में **नाइट-विज़न उपकरण** और **लेज़र रेंज फाइंडर की सुविधा** है, जो इसे उबड़-खाबड़ इलाके में यात्रा करते समय एक **गतिमान लक्ष्य पर बेहतर निशाना लगाने में सक्षम** बनाता है। अब तक यूक्रेन एवं रूस दोनों ने युद्ध में **सोवियत युग के टैंकों** का उपयोग किया है। लेपर्ड- 2 की आपूर्ति यूक्रेन को तोपखाने की मारक क्षमता में रूस की श्रेष्ठता की भरपाई करने में मदद करेगी।



//

**और पढ़ें....** रूस-यूक्रेन संघर्ष

# PM-किसान के तहत वितरण धनराशि में वृद्धि

खपत को बढ़ावा देने के लिये **केंद्र** पीएम-किसान योजना के तहत **किसानों को आय सहायता आगामी बजट** में **6,000 रुपए प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 8,000 रुपए प्रतिवर्ष** करने का निर्णय लिया गया है। PM-किसान योजना के तहत **प्रत्येक किसान को** प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) **से जुड़े बैंक खाते में तीन समान किस्तों में सालाना** 6000 रुपए की **राशि हस्तांतरित** की जाती है, चाहे उसकी भूमि कुछ भी हो। योजना की शुरुआत (वर्ष 2019 में) के समय लाभार्थियों की संख्या 31 मिलियन थी जो अब 110 मिलियन के आँकड़े को पार कर गई है। PM-किसान एक **केंद्रीय क्षेत्र (CS) की योजना** है; तथापि **लाभार्थी किसान परिवारों की पहचान करने की पूरी ज़िम्मेदारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है।**

**और पढ़ें...**

---

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/23-01-2023/print